Exam Name	SSC Combined Graduate Level (Tier-1) Practice paper 1
Your Name	
Time allowed	60 minutes
Total Questions	100 questions
Total Marks	200 Marks (2 marks per question and 0.5 negative marks for wrong question)

प्रैक्टिस सेट 1

*Expert द्वारा सॉल्ब्ड किये गये 10 महत्वपूर्ण प्रैक्टिस सेटस् के videos को देखने के लिए QR code को scan करें।

तर्कशक्ति

1. सही विकल्प का चयन करें, जो दिए गए शब्दों की व्यवस्था को उसी क्रम में इंगित करता है जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में दिखाई देते हैं।
1. Interchangeable
2. Independent
3. Intentional
4. Interesting
5. Interactive
(A) 3, 5, 2, 4, 1 (B) 2, 3, 5, 1, 4
(C) 1, 2, 3, 4, 5 (D) 2, 5, 1, 4, 3

2. एक निश्चित कूट भाषा में 'RITU' को 'WLYX' और 'AMAN' को 'FPFQ' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'MIRA' को कैसे लिखा जाएगा?
(A) PNWF (B) RLWD
(C) RNWF (D) PLUD

3. एक निश्चित कूट भाषा में 'ONE' को '15-28-15' और 'TWO' को '20-46-45' के रूप में कोडित किया जाता है। उसी भाषा में 'SIX' को किस प्रकार कोडित किया जाएगा ?
(A) 38-18-48 (B) 19-9-24
(C) 19-18-72 (D) 38-9-72

4. एक निश्चित कूट भाषा में 'COW' को 'ZRF' लिखा जाता है और 'DOG' को 'JRG' लिखा जाता है। उस भाषा में 'RAT' को कैसे लिखा जाएगा ?
(A) UDW (B) VEU
(C) WDU (D) XDV

5. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार सम्बन्धित है जैसे दूसरी संख्या पहली संख्या से सम्बन्धित है।
9 : 91 : : 13 : ?
(A) 203 (B) 99
(C) 183 (D) 132

6. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरी संख्या से उसी प्रकार सम्बन्धित है जैसे दूसरी संख्या पहली संख्या से सम्बन्धित है।
(59, 118, 295)
(A) (10, 20, 37) (B) (15, 34, 45)
(C) (17, 34, 85) (D) (9, 20, 25)

7. उस संख्या के मुख्य–युग्म का चयन करें जिसमें दो संख्याएँ शेष संख्या–युग्मों में दो संख्याओं द्वारा साझा किए गए सम्बन्ध से भिन्न सम्बन्ध साझा करती हैं।
(A) (36, 353) (B) (49, 512)
(C) (64, 729) (D) (25, 216)

8. निम्नलिखित शब्दों को तार्किक और अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करें।
(1) माइक्रोन (2) मीटर
(3) मील (4) मिली मीटर
(5) किलोमीटर (6) सेंटीमीटर
(A) 4-6-2-5-3-1 (B) 1-4-6-2-5-3
(C) 1-4-6-2-3-5 (D) 4-6-2-5-1-3

9. गुना श्यामला का पुत्र है। हेमंत मनु के पिता हैं। गुना की शादी दीपा से हुई है। गुना और मनु–भाई बहन हैं। प्रतीक दीपा का भाई है। श्यामला का एक ही बेटा है। रोशन गुना का पुत्र है। प्रतीक कल्कि के पिता हैं। जतिन मनु का पुत्र है। प्रतीक की कोई बेटी नहीं है।
हेमंत का रोशन के पिता से क्या सम्बन्ध है?
(A) भाई (B) पिता
(C) दादा (D) साला

10. A और B एक ही बिन्दु से शुरू करते हैं। A 10 किलोमीटर दक्षिण की ओर साइकिल चलाता है, फिर अपनी दाईं ओर मुड़ जाता है और 9 किलोमीटर साइकिल चलाता है। B 2 किलोमीटर उत्तर की ओर साइकिल चलाता है, फिर पश्चिम की ओर मुड़ जाता है और 15 किलोमीटर साइकिल चलाता है, फिर अपनी बाईं ओर मुड़ जाता है और 12 किलोमीटर साइकिल चलाता है। A की स्थिति से अब B कहाँ पर है?
(A) 6 किलोमीटर पश्चिम
(B) 6 किलोमीटर पूर्व
(C) 24 किलोमीटर पश्चिम
(D) 24 किलोमीटर पूर्व

11. दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर–समूह का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।
ROAD, SMDZ, TKGV, UIJR, ?
(A) VHON (B) VHNO
(C) VFNM (D) VGMN

12. अक्षरों के उस संयोजन का चयन करें जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला पूरी हो जाएगी।
qpl_r_plt_qp_trq_l_r
(A) t, q, r, l, p, t (B) q, p, r, t, l, p
(C) q, r, l, t, p, p (D) p, t, r, q, t, l

13. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।
4096, 1024, 256, 64, ?
(A) 30 (B) 16
(C) 8 (D) 28

14. दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर–समूह का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकता है।
MEND, PHJZ, SKFV, VNBR, ?
(A) YQZM (B) YQXN
(C) YJYN (D) YRXO

15. दिए गए पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उस संख्या का चयन करें जो उसमें प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सके।

14	16	13
18	6	?
12	21	17

(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 5

16. किसी घन के सभी फलकों को इस तरह से पेंट करने के लिए कम–से–कम कितने रंगों की आवश्यकता होगी जिससे कि दो नजदीकी फलकों पर एक जैसा रंग न हो जाए ?
(A) 2 (B) 6
(C) 3 (D) 4

17. गणितीय चिह्नों के उस सही संयोजन का चयन करें जो क्रमिक रूप में * चिह्नों को प्रतिस्थापित कर सके और समीकरण को सही बना सके।
135 * 15 * 3 * 2 * 13 *16
(A) +, ÷, –, =, × (B) =, ×, +, ÷, –
(C) ÷, ×, +, –, = (D) ×, +, =, ÷, –

18. दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए ?
156 – 13 + 9 × 18 ÷ 5 = 169
(A) × और ÷ (B) × और –
(C) ÷ और + (D) ÷ और –

19. दिए गए आरेख में वृत्त 'स्नातकों' को प्रदर्शित करता है, त्रिभुज 'रोजगार प्राप्त लोगों' को प्रदर्शित करता है और आयत 'ग्रामीण लोगों' को प्रदर्शित करता है। आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।



ग्रामीण बेरोजगार स्नातकों की संख्या कितनी है ?

(A) 9 (B) 6
(C) 8 (D) 12

20. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन–सा कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन :
सभी ट्रैक्टर कार हैं।
कुछ स्कूटर कार हैं।
सभी स्कूटर साइकिल हैं।

निष्कर्ष :
I. सभी स्कूटर कार हैं।
II. कुछ कार साइकिल हैं।
III. कुछ ट्रैक्टर साइकिल हैं।
IV. कुछ ट्रैक्टर स्कूटर हैं।

(A) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(D) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

21. तीन संख्याओं में से, पहली और दूसरी संख्या का अनुपात 3 : 4 है और दूसरी और तीसरी संख्या का अनुपात 5 : 6 है। यदि पहली और तीसरी संख्या के बीच का अंतर 1125 है, तो दूसरी और तीसरी संख्या का औसत ज्ञात कीजिए।

(A) 2570 (B) 2075
(C) 2507 (D) 2750

22. उस आकृति का चयन करें जो निम्नलिखित आकृति शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगी।



(A)  (B) 

(C)  (D) 

23. उस विकल्प आकृति का चयन करें जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।

(A) (B) 

(C) (D) 

24. यदि पारदर्शी कागज की शीट को बिंदु रेखा से मोड़ा जाए, तो शीट निम्नलिखित विकल्पों में से किस प्रकार दिखाई देगी ?



(A)  (B) 

(C)  (D) 

25. दिए गए संयोजन की सही दर्पण छवि का चयन करें जब दर्पण को 'PQ' पर रखा गया है।

(A)
(B)
(C)
(D)

सामान्य ज्ञान

26. हड़प्पा स्थल कालीबंगा किस वर्तमान भारतीय राज्य में स्थित है?

(A) राजस्थान (B) बिहार
(C) मध्य प्रदेश (D) गुजरात

27. महारानी रजिया सुल्तान, अपने विद्रोही सेनापति मलिक इख्तियार–उद–दीन अल्तुनिया से पराजित होने के बाद निम्नलिखित में से किस किले में नजरबंद करके रखी गई थीं ?

(A) आनंदपुर साहिब (B) शाहपुर कांडी
(C) किला मुबारक (D) गोबिंदगढ़

28. आंग्ल–मैसूर युद्ध का समापन निम्नलिखित में से किस लड़ाई के साथ हुआ था ?

(A) श्रीरंगपट्टम की लड़ाई
(B) बांडीवाश की लड़ाई
(C) पोलिलूर की लड़ाई
(D) पोर्टो नोवों की लड़ाई

29. शिक्षा सुधारों के लिए लॉर्ड रिपन द्वारा हंटर आयोग की नियुक्ति किस वर्ष की गई थी ?

(A) 1882 (B) 1857
(C) 1879 (D) 1867

30. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्व सिक्किम में मनाया जाता है ?

(A) ड्री (B) सोनम लोचार
(C) गांग–निगाई (D) सेकेरनेई

31. बैंजो किस प्रकार का वाद्य यन्त्र है ?

(A) आघाती वाद्य यंत्र
(B) सुषिर वाद्य यंत्र
(C) तूर्य वाद्य यंत्र
(D) तंतु वाद्य यंत्र

32. मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल 'पचमढ़ी', निम्नलिखित में से किस पर्वत शृंखला में स्थित है ?

(A) पीरपंजाल पर्वत शृंखला
(B) सतपुड़ा पर्वत शृंखला
(C) शिवालिक पर्वत शृंखला
(D) अरावली पर्वत शृंखला

33. बनास, पारवती (पार्वती) और काली सिंध किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?

(A) सरस्वती नदी (B) कोशी नदी
(C) चंबल नदी (D) यमुना नदी

34. निम्नलिखित में से कौन-सा, ब्रह्मांड में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है ?

(A) नाइट्रोजन
(B) कार्बन डाइऑक्साइड
(C) हाइड्रोजन
(D) ऑक्सीजन

35. वेल्ड, डाउंस, पंपास आदि शब्द .... से संबंधित हैं।

(A) घास के मैदानों (B) बादलों के प्रकार
(C) घाटियों (D) वाणिज्यिक कृषि

36. इंटकी राष्ट्रीय उद्यान, जिसे नतांगकी (न्टंकी) राष्ट्रीय उद्यान के नाम से भी जाना जाता है, निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

(A) नागालैंड (B) मेघालय
(C) अरुणाचल प्रदेश (D) मणिपुर

37. संविधान सभा ने किस वर्ष में भारत के लिए एक मसौदा संविधान तैयार करने के लिए डॉ. बी. आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में मसौदा समिति का गठन किया था ?

(A) 1948 (B) 1947
(C) 1949 (D) 1946

38. निम्नलिखित में से कौन–सा राज्य का नीति–निर्देशक सिद्धांत है?

(A) जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण
(B) अस्पृश्यता का उन्मूलन
(C) ग्राम पंचायतों का गठन
(D) अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण

39. राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए .... प्रस्तावकों की हस्ताक्षरित सूची की आवश्यकता होती है।

(A) 30 (B) 60
(C) 70 (D) 50

40. प्रधानमंत्री जन–धन योजना की घोषणा कब की गई थी ?

(A) 26 जनवरी, 2015
(B) 2 अक्टूबर, 2014
(C) 15 अगस्त, 2014
(D) 2 अक्टूबर 2015

41. निम्नलिखित में से कौन-सा, क्रेडिट की शर्तों के अंतर्गत नहीं आता है ?

(A) अभिलेखन की आवश्यकता
(B) पुनर्भुगतान का प्रकार
(C) ब्याज दर
(D) सांगठनिक पदानुक्रम

42. जिस गति से कोई वस्तु किसी ग्रह या चन्द्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल से मुक्त होकर कक्षा में प्रवेश करने के लिए यात्रा करती है। उसे कहा जाता है?

(A) पलायन वेग (B) परिवर्तन वेग
(C) चरम वेग (D) स्थायी वेग

43. निम्नलिखित में से कौन–सी वस्तु ऊष्मागतिकी के सिद्धांत पर कार्य करती है ?

(A) कार की बेल्ट (B) अलार्म घड़ी
(C) बॉल पेन (D) स्टीम आयरन

44. बिच्छू के डंक में निम्नलिखित में से कौन–सा अम्ल पाया जाता है?

(A) ऑक्सेलिक अम्ल (B) मेथानोइक अम्ल
(C) सिट्रिक अम्ल (D) ऐसिटिक अम्ल

45. निम्नलिखित में से कौन–सा एक कवक है ?

(A) पेनिसिलियम (B) स्पाइरोगाइरा
(C) अमीबा (D) क्लेमाइडोमोनास

46. पादप कोशिका में लवक, निम्नलिखित में से क्या कहलाते हैं ?

(A) क्लोरोप्रेन (B) क्लोरोफाइटा
(C) क्लोरोप्लास्ट (D) क्लोरोफिल

47. MS Word 2010 में, 'Start Mail Merge' ('स्टार्ट मेल मर्ज') विकल्प निम्नलिखित में से किस मेनू/टैब में उपलब्ध होता है ?

(A) Review (रिव्यू)
(B) Maillings (मेलिंग्स)
(C) Insert (इन्सर्ट)
(D) Reference (रेफरेंस)

48. हेलिओडोरस स्तंभ भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

(A) अरुणाचल प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश (D) आंध्र प्रदेश

49. भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस............को समर्पित किया गया है।

(A) इंदिरा गांधी
(B) जाकिर हुसैन
(C) सरदार वल्लवभाई पटेल
(D) अटल बिहारी वाजपेयी

50. 'ए हैंडफुल ऑफ नट्स' नामक पुस्तक........द्वारा लिखी गई है।

(A) रस्किन बॉन्ड
(B) अमिताभ घोष
(C) खुशवंत सिंह
(D) रूडयार्ड किपलिंग

गणित

51. 3 अंकीय संख्याओं *abc*, *cab* और bca का योग किससे विभाज्य नहीं है ?

(A) $a+b+c$ (B) 37
(C) 31 (D) 3

52. $(3^{3^{333}}+1)$ और $(3^{3^{334}}+1)$ का म. स. प. होगा–

(A) 2 (B) 1
(C) $3^{3^{333}}+1$ (D) 20

53. $423 \div \left[270 \div \frac{3}{7} \times 35 + \left(17 \div \frac{1}{3}\right) - \left(8\frac{1}{2} - \frac{5}{2}\right)\right]$ का मान है–

(A) $\frac{41}{2455}$ (B) $\frac{47}{2455}$
(C) $\frac{51}{2455}$ (D) $\frac{43}{2455}$

54. प्रथम आठ अभाज्य संख्याओं के औसत से प्रथम दस सम प्राकृत संख्याओं के औसत का अनुपात कितना है?

(A) 1 : 7 (B) 7 : 80
(C) 8 : 70 (D) 7 : 8

55. लकी अपनी आय का 85% खर्च करता है। यदि उसके व्यय में x% की वृद्धि होती है, बचत में 60% की वृद्धि होती है, और आय में 26% की वृद्धि होती है, तो x का मान क्या है?

(A) 30 (B) 34
(C) 26 (D) 20

56. एक दुकानदार ने एक वस्तु को अंकित मूल्य के $\frac{4}{5}$ वें हिस्से पर बेचा और उसे $3\frac{1}{3}$% की हानि हुई, यदि उसने वस्तु को अंकित मूल्य पर बेचा तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
(निकटतम पूर्णांक तक)

(A) 20 (B) 22
(C) 18 (D) 21

57. व्यापारी A 25% की एकल छूट देता है और व्यापारी B समान वस्तु पर 20% और 5% की दो क्रमिक छूट देता है। यदि A द्वारा दी गई छूट B द्वारा दी गई छूट से ₹ 320 अधिक है, तो वस्तु का अंकित मूल्य (₹ में) क्या है?

(A) ₹ 32000 (B) ₹ 30000
(C) ₹ 25000 (D) ₹ 3200

58. A तथा B ने क्रमशः ₹ 50,000 तथा ₹ 60,000 लगाकर समान समय के लिए व्यापार शुरू किया। A व्यापार में सक्रिय साझेदार के रूप में कार्यरत है। मोहन को अतिरिक्त मेहनताने के रूप में ₹ 1000 प्रत्येक माह दिये जाते हैं। यदि वर्ष के अन्त में ₹ 34,000 का लाभ होता हो, तो A को मिलने वाली कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 19,000
(C) ₹ 20,000 (D) ₹ 22,000

59. अठारह पुरुष एक कार्य को 14 दिनों में पूरा कर सकते हैं। तीन महिलाएँ दो पुरुषों के जितना काम करती हैं। पाँच पुरुषों और छः महिलाओं ने काम शुरू किया और 4 दिनों तक काम करना जारी रखा। इसके बाद 3 और पुरुष समूह में शामिल हो गए। कार्य को कुल कितने दिनों में पूरा किया गया?

(A) $21\frac{1}{3}$ (B) $17\frac{1}{3}$
(C) 18 (D) 22

60. A ने 10% वार्षिक साधारण ब्याज पर B से ₹ 1,60,000 की धनराशि उधार ली। उसी समय उसने C को समान धनराशि अर्द्ध–वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज पर समान दर पर 2 साल के लिए उधार दी। पूरे लेन–देन में A द्वारा अर्जित धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

(A) ₹ 4,280 (B) ₹ 4,281
(C) ₹ 2,481 (D) ₹ 2,840

61. एक नाव 7.2 किमी की दूरी धारा की दिशा में और 3.2 किमी की दूरी धारा के विपरीत दिशा में 2 घण्टे में तय कर सकती है। यह 1.5 किमी की दूरी धारा की दिशा में और 0.6 किमी की दूरी धारा के विपरीत दिशा में 24 मिनट में तय कर सकती है। धारा की दिशा में जाते हुए नाव की गति (किमी/घं. में) क्या है?

(A) $4\frac{1}{2}$ किमी/घं. (B) 5 किमी/घं.
(C) 6 किमी/घं. (D) $7\frac{1}{2}$ किमी/घं.

62. सुमन स्थान X से Y की यात्रा करती है और रेखा Y से X तक एक साथ यात्रा करती है। रास्ते में मिलने के बाद सुमन और रेखा क्रमशः 3 घंटे 12 मिनट और 1 घंटे 48 मिनट में Y और X पर पहुँचती हैं। यदि रेखा की गति

9 किमी/घंटा है, तो सुमन की गति (किमी/घंटा में) है–

(A) $7\frac{1}{2}$ किमी/घंटा (B) 6 किमी/घंटा

(C) 8 किमी/घंटा (D) $6\frac{3}{4}$ किमी/घंटा

63. पाई आरेख एक कंपनी के पाँच विभागों A, B, C, D और E में कार्यरत कर्मचारियों के वितरण को दर्शाता है। कर्मचारियों की कुल संख्या = 9000

एक कंपनी में पाँच विभागों A, B, C, D और E में काम करने वाले कर्मचारियों का वितरण (डिग्री बार)



यदि विभाग A में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या x है, और विभाग C और E में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या y है, तो $y - 2x$ का मान है:

(A) 915 (B) 850

(C) 725 (D) 1000

64. दंड आरेख पाँच संगठनों A, B, C, D और E में पुरुषों और महिलाओं की संख्या को प्रदर्शित करता है।



संगठन C, D और E में मिलाकर काम करने वाले पुरुषों की संख्या का A, B और C में मिलाकर काम करने वाली महिलाओं की संख्या से अनुपात कितना है?

(A) 11 : 10 (B) 10 : 11

(C) 46 : 49 (D) 49 : 46

65. यदि किसी आयत का परिमाप 50 इकाई है और इसका क्षेत्रफल 150 वर्ग इकाई है, तो इसकी छोटी भुजा की लंबाई कितनी इकाई होगी?

(A) 15 (B) 9

(C) 10 (D) 12

66. एक गोलकार खोल का आयतन (घन सेमी में) क्या है, जिसकी आंतरिक और बाहरी त्रिज्याएँ क्रमशः 2 सेमी और 3 सेमी हैं?

(A) $\frac{76\pi}{3}$ (B) $\frac{106\pi}{3}$

(C) $\frac{56\pi}{3}$ (D) $\frac{86\pi}{3}$

67. त्रिज्या 30 सेमी और ऊँचाई 42 सेमी वाला कोई बेलनाकार बर्तन पानी से भरा है। यदि इसके बाद पानी को 75 सेमी लंबाई और 44 सेमी चौड़ाई वाले आयताकार टब में उड़ेल दिया जाता है, तो टब में पानी का स्तर .... सेमी ऊँचाई तक उठ जाता है। (मानें $\pi = \frac{22}{7}$)

(A) 45 (B) 36

(C) 40 (D) 30

68. यदि $x - \frac{1}{x} = 5, x \neq 0$, तो, $\frac{x^6 - 5x^3 - 1}{x^6 - 5x^3 - 1}$ का मान क्या है ?

(A) $\frac{41}{45}$ (B) $\frac{45}{41}$

(C) $\frac{45}{49}$ (D) $\frac{49}{45}$

69. यदि $2x^2 - 8x - 1 = 0$ तो, $8x^3 - \frac{1}{x^3}$ का मान क्या है?

(A) 560 (B) 540

(C) 524 (D) 464

70. बिंदु M और N एक त्रिभुज PQR की भुजाओं PQ और QR पर स्थित हैं, जिनका कोण Q पर समकोण है। यदि PN = 9 सेमी, MR = 7 सेमी और MN = 3 सेमी, तो PR की लंबाई (सेमी में) ज्ञात कीजिए।

(A) 13 (B) 11

(C) 12 (D) $\sqrt{41}$

71. मान लीजिए $\Delta ABC \sim \Delta RPQ$ और $\frac{ar(\Delta ABC)}{ar(\Delta PQR)} = \frac{16}{25}$ है। यदि PQ = 4 सेमी, QR = 6 सेमी और PR = 7 सेमी, तब AC (सेमी में) बराबर है:

(A) 7.2 (B) 6

(C) 4.8 (D) 3.6

72. बिन्दु A, B और C केन्द्र O वाले एक वृत्त पर इस प्रकार हैं कि $\angle BOC = 84°$ है। यदि AC को बिन्दु D तक इस प्रकार बढ़ाया जाता है कि $\angle BDC = 40°$ है, तो $\angle ABD$ का माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

(A) 92 (B) 102

(C) 56 (D) 98

73. ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है, जब भुजाएँ AB और DC को बढ़ाया जाता है, तो वे E पर मिलती हैं और भुजाएँ AD और BC को बढ़ाने पर वे F पर मिलती हैं। यदि $\angle ADE = 80°$ और $\angle AED = 50°$ तो $\angle AFB$ का माप क्या है ?

(A) 30° (B) 40°

(C) 20° (D) 50°

74. $\frac{\text{cosec}\,\theta}{\text{cosec}\,\theta - 1} + \frac{\text{cosec}\,\theta}{\text{cosec}\,\theta + 1} - \tan^2\theta$, $0° < \theta < 90°$, बराबर है–

(A) $2\sec^2\theta$ (B) $\sec^2\theta + 1$

(C) $\sec^2\theta$ (D) $1 - \tan^2\theta$

75. $\frac{\sec^2 60° \cos^2 45° + \text{cosec}^2 30°}{\cot 30° \sec^2 45° - \text{cosec}^2 30° \tan 45°}$ का मान बराबर है–

(A) $3(2 - \sqrt{3})$ (B) $-3(2 - \sqrt{3})$

(C) $3(2 + \sqrt{3})$ (D) $-3(2 + \sqrt{3})$

English

Direction (Q. No. 76 & 77)

In this section, look at the underlined part of each sentence. Below each sentence are given three possible substitutions for the underlined part. If one of them (A), (B) or (C) is better than the underlined part, indicate your response on the Answer Sheet against the corresponding letter (A), (B) or (C). If none of the substitutions improves the sentence, indicate (D) as your response on the Answer Sheet. Thus a 'No improvement' response will be signified by the letter (D).

76. I disliked him not so much for his meanness but for his dishonesty.

(A) as for

(B) but because

(C) but due to

(D) No improvement

77. He preferred death rather than imprisonment.

(A) for

(B) to

(C) than

(D) No improvement

78. Select the misspelt word.

(A) irritible (B) gallery

(C) enmity (D) earnest

Direction (Q. No. 79 & 80)

Each item in this section consists of a sentence with an underlined word followed by four words (A), (B), (C) and (D). Select the option that is opposite in meaning to the underlined word and mark your response in your Answer Sheet accordingly.

79. He is essentially a crude person.

(A) coarse (B) refined

(C) eager (D) balanced

80. His confidence is high.

(A) diffidence (B) eagerness

(C) steadfastness (D) endurance

Direction (Q. No. 81 to 85)

Each item in this section has a sentence with three underlined parts labelled (A), (B) and (C). Read each sentence to determine whether there is any error in any underlined part and indicate your response in the Answer Sheet against the corresponding letter, *i.e.,* (A) or (B) or (C). If you find no error, your response should be indicated as (D).

81. A company of five thousand soldiers, (A) having marched tirelessly for over five days, (B) have just moved into their cantonment. (C) No error (D)

82. Every person who believes in principles (A) must stand up to fight (B) for their convictions. (C) No error (D)

83. The Olympic Games reflects (A) the highest spirit of (B) human endeavour and achievement. (C) No error (D)

84. Select the correct passive voice of the given sentence.

The vendor is setting onions on a cart.

(A) Onions are sold by the vendor on a cart.

(B) Onions were being sold by the vendor on a cart.

(C) Onions are being sold by the vendor on a cart.

(D) Onions are selling by the vendor on a cart.

85. Select the correct passive voice of the given sentence.

The plumber has not yet fixed the leakage in the tap.

(A) The leakage in the tap had not yet been fixed by the plumber.

(B) The leakage in the tap have not yet been fixed by the plumber.

(C) The leakage in the tap has not yet fixed the plumber.

(D) The leakage in the tap has not yet been fixed by the plumber.

Direction (Q. No. 86 & 87)

Each item in this section consists of a sentence with an underlined word followed by four words (A), (B), (C) and (D). Select the option that is nearest in meaning to the underlined word and mark your response in your Answer Sheet Accordingly.

86. After a good meal, it is important to pay a compliment to the chef.

(A) tip (B) praise

(C) admonish (D) revile

87. His work is laudable.

(A) praiseworthy (B) laughable

(C) bold (D) loud

88. Select the correct indirect narration of the given sentence.

Sagarika said, "I have passed my examination."

(A) Sagarika said that she have passed her examination.

(B) Sagarika said that I had passed my examination.

(C) Sagarika said that I have passed my examination.

(D) Sagarika said that she had passed her examination.

Direction (Q. No. 89 to 92)

Each of the following items in this section consists of a sentence, the parts of which have been jumbled. These parts have been labelled P, Q, R and S. Given below each sentence are four sequences namely (A), (B), (C) and (D). You are required to rearrange the jumbled parts of the sentence and mark your response accordingly.

89. but perhaps the best way is to agree (P) there are many ways of dealing (Q) with them without excessive argumentation (R) with intransigent customers (S)

The correct sequence should be :

(A) QPRS (B) QSPR

(C) PSQR (D) RSQP

90. in the years following (P) India achieved remarkable economic development (Q) liberalization in the year 1991 (R) the landmark reforms inaugurated via (S)

The correct sequence should be :

(A) PQRS (B) PRSQ

(C) SPRQ (D) QPSR

91. Select the most appropriate word of the given group of words.

A nature reserve for birds or animals.

(A) oasis (B) sanctuary

(C) retreat (D) asylum

92. Select the most appropriate word for the given group of words.

A young person tending to commit crime, particularly minor crime.

(A) convict (B) derelict

(C) criminal (D) delinquent

Direction (Q. No. 93 to 94)

Given below are some idioms/phrases followed by four alternative meanings to each. Choose the most appropriate answer from among the options (A), (B), (C) and (D).

93. Counting your chickens

(A) confident of success

(B) greedily accumulating wealth

(C) being careful about spending money

(D) getting scared because of danger

94. The icing on the cake

(A) baked food that is delicate and delicious with a topping

(B) extra benefit over and above an already good deal

(C) getting what you asked for

(D) more than what is needed

95. Each of the following sentences in this section has a blank space and four words or group of words given after the sentence. Select the word or group of words you consider most appropriate for the blank space.

There was a time when West Germany was a distinct ....

(A) policy (B) polity

(C) abstract (D) hierarchy

Direction (Q. No. 96 to 100)

In the following passage some of the words have been left out. Read the passage carefully and select the correct answer for the given blank out of the four alternatives.

Passage

The world has seen a ...(96)... growth in several spheres. Agricultural production, industrial production, communication, medicine, education etc., have seen ...(97)... growth. We can safely assume that the future is not as ...(98)... as once appeared to be. We are not by a vision of hungry hordes overwhelming world food resources. Although it is ...(99)... that many people, especially in the developing countries, are hungry, illiterate and ...(100)... to diseases.

96. The world has seen a .... growth in several spheres.

(A) tremendous (B) mere

(C) hardly (D) slow

97. Agricultural production, industrial production, communication, medicine, education etc., have seen .... growth.

(A) equal

(B) unprecedented

(C) negligible

(D) negative

98. We can safely assume that the future is not as .... as once appeared to be.

(A) good (B) strong

(C) bleak (D) high

99. Although it is .... that many people, especially in the developing countries,

(A) unclear (B) false

(C) incorrect (D) true

100. are hungry, illiterate and .... to diseases.

(A) Prone (B) averse

(C) liable (D) engross

व्याख्यात्मक हल

तर्कशक्ति

1. (B) दिए गए शब्दों को अंग्रेजी शब्दकोश में व्यवस्थित करने पर—

2. Independent
3. Intentional
5. Interactive
1. Interchangeable
4. Interesting

Ans. (B) 2, 3, 5, 1, 4

2. (B) R I T U → (+5, +3, +5, +3) → W L Y X

A M A N → (+5, +3, +5, +3) → F P F Q

उसी प्रकार,

M I R A → (+5, +3, +5, +3) → R L W D

अतः विकल्प (B) सही है।

3. (C)

	O	N	E
स्थानीय क्रमांक	15	14	5
	×1	×2	×3
	15	28	15

	T	W	O
स्थानीय क्रमांक	20	23	15
	×1	×2	×3
	20	46	45

उसी प्रकार,

	S	I	X
स्थानीय क्रमांक	19	9	24
	×1	×2	×3
	19	18	72

अतः विकल्प (C) सही है।

4. (C)

+3 +3 +3
C O W
Z R F

+3 +3 +3
D O G
J R G

उसी प्रकार,

+3 +3 +3
R A T
W D U

अतः विकल्प (C) सही है।

5. (C) तर्क : $x : x^2 + (x + 1)$

9 : 91

→ $9^2 + (9 + 1) = 81 + 10 = 91$

13 : ?

→ $? = 13^2 (13 + 1) = 169 + 14$

$= 183$

6. (C) तर्क—दूसरी संख्या = पहली संख्या × 2

तीसरी संख्या = पहली संख्या × 5

(59, 118, 295)

→ $59 \times 2 = 118$; $59 \times 5 = 295$

समान पैटर्न का अनुसरण (17, 34, 85) में किया गया है।

→ $17 \times 2 = 34$; $17 \times 5 = 85$

7. (A) **तर्क :** $\{x^2, (x+1)^3\}$

दिए गए विकल्पों को जाँचने पर,

1. (36, 353)

→ $6^2 = 36$

$(6 + 1)^3 = 7^3 = 343 - 353$

2. (49, 512)

→ $7^2 = 49$

$(7 + 1)^3 = 8^3 = 512$

3. (64, 729)

→ $8^2 = 64$

$(8 + 1)^3 = 9^3 = 729$

4. (25, 216)

→ $5^2 = 25$

$(5 + 1)^3 = 6^3 = 216$

विकल्प (A) उपर्युक्त पैटर्न का अनुसरण नहीं करता है।

इसलिए, विकल्प (A) भिन्न है।

8. (B) प्रश्नानुसार, दिए हुए शब्दों को तार्किक और अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करने पर,

माइक्रोन.......मिलीमीटर......सेंटीमीटर.... मीटर........किलोमीटर.........मील

अतः विकल्प (B) सही है।

9. (B) हमारे पास निम्नलिखित पारिवारिक सम्बन्ध हैं :

हेमंत (+) = श्यामला (–)

मनु (–) — गुना (+) = दीपा (–) — प्रतीक (+)

जतिन (+) रोशन (+) कल्कि (+)

हेमंत रोशन का पिता गुना का पिता है।

10. (A) प्रश्नानुसार, गमन पथ निम्नवत् है—



अतः A की स्थिति से B अब 6 किमी पश्चिम में है।

11. (D)

R	O	A	D
+1↓	–2↓	+3↓	–4↓
S	M	D	Z
+1↓	–2↓	+3↓	–4↓
T	K	G	V
+1↓	–2↓	+3↓	–4↓
U	I	J	R
+1↓	–2↓	+3↓	–4↓
V	G	M	N

अतः सही विकल्प (D) है।

12. (A) दिए गए विकल्पों की जाँच करने पर,
qpl tr/q plt r/qp l tr/qp l t r

1. qpl t r/q plt r/qp l tr/qp l t r

qpltr की पुनरावृत्ति होती है।

∴ इसलिए एक पैटर्न बनता है।

अतः सही विकल्प (A) है।

13. (B)

4096 → 1024 → 256 → 64 → ?

÷ 4   ÷ 4   ÷ 4   ÷ 4

? = 64 ÷ 4 = 16

14. (B)

M	E	N	D
+3↓	+3↓	– 4↓	– 4↓
P	H	J	Z
+3↓	+3↓	– 4↓	– 4↓
S	K	F	V
+3↓	+3↓	– 4↓	– 4↓
V	N	B	R
+3↓	+3↓	– 4↓	– 4↓
Y	Q	X	N

अतः सही विकल्प (B) है।

15. (D) तर्क → प्रत्येक पंक्ति में

$$\left(\frac{\text{पहली संख्या}}{2} + \text{दूसरी संख्या}\right) - 10$$

= तीसरी संख्या

पहली पंक्ति : $\left(\frac{14}{2}+16\right)-10$

= 7 + 16 – 10 = 13

तीसरी पंक्ति : $\left(\frac{12}{2}+21\right)-10$

= 6 + 21 – 10 = 17

उसी प्रकार, दूसरी पंक्ति में,

$\left(\frac{18}{2}+6\right)-10$

= 9 + 6 – 10 = 5

अतः सही विकल्प (D) है।

16. (C) घन में फलकों की संख्या = 6



विपरीत फलकों पर एक जैसा रंग होने के लिए आवश्यक रंगों की संख्या = $\frac{6}{2} = 3$

17. (C) दिए गए विकल्पों को जाँचने पर :

विकल्प (A)

LHS = 135 + 15 ÷ 3 – 2
= 135 + 5 – 2 = 138

RHS = 13 × 16 = 208

LHS ≠ RHS

– असत्य

विकल्प (B)

LHS = 135

RHS = 15 × 3 + 2 ÷ 13 – 16
= 45 + 0.15 – 16
= 29.15

LHS ≠ RHS

– असत्य

विकल्प (C)

LHS = 135 ÷ 15 × 3 + 2 – 13
= 9 × 3 + 2 – 13
= 27 + 2 – 13
= 16 = RHS

– सत्य

18. (D) दिए गए विकल्पों को जाँचने पर :

विकल्प (A)

LHS = 156 – 13 + 9 ÷ 18 × 5
= 143 + 0.5 × 5
= 143 + 2.5 = 145.5 ≠ RHS

– असत्य

विकल्प (B)

LHS = 156 × 13 + 9 – 18 ÷ 5
= 2028 + 9 – 3.6
= 2033.4 ≠ RHS

– असत्य

विकल्प (C)

LHS = 156 – 13 ÷ 9 × 18 + 5
= 156 – 1.4 × 18 + 5
= 156 – 25.2 + 5
= 135. 8 ≠ RHS

– असत्य

विकल्प (D)

LHS = 156 ÷ 13 + 9 × 18 – 5
= 12 + 162 – 5
= 169 = RHS

– सत्य

19. (C) छायांकित भाग ग्रामीण बेरोजगार स्नातकों को दर्शाता है।



ऐसे व्यक्तियों की संख्या = 8

अतः विकल्प (C) सही है।

20. (B) न्यूनतम संभव वेन ओरख है–



I. यह संभव है, लेकिन निश्चित नहीं है। अतः निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता है।

II. वेन आरेख से यह स्पष्ट है कि कुछ कार, साइकिल हैं। अतः निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

III. यह संभव है, लेकिन निश्चित नहीं है। अतः निष्कर्ष III अनुसरण नहीं करता है।

IV. यह संभव है, लेकिन निश्चित नहीं है। अतः निष्कर्ष IV अनुसरण नहीं करता है।

केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

अतः विकल्प (B) सही है।

21. (D)

1st	2nd	3rd
3	4 →	4
5 ←	5	6
15 :	20 :	24

मान लीजिए संख्याएँ $15x$, $20x$ और $24x$ हैं।

प्रश्नानुसार,

$24x - 15x = 1125$

$\Rightarrow \quad 9x = 1125$

$\Rightarrow \quad x = 125$

∴ दूसरी और तीसरी संख्या का औसत

$= \frac{20 \times 125 + 24 \times 125}{2}$

$= \frac{125 \times (20+24)}{2}$

$= \frac{5500}{2} = 2750$

22. (C) 'ी' वामावर्त दिशा में 3 स्थान घूमती है।

'ि' दक्षिणावर्त दिशा में 3 स्थान घूमती है। इसलिए, अगली आकृति विकल्प (C) होगी।

23. (A) दी गई आकृति विकल्प (A) में सन्निहित है।



24. (C) पारदर्शी कागज की शीट को बिन्दु रेखा से मोड़ने पर दाएँ ओर की आकृति, बाएँ ओर के भाग के ऊपर आ जायेगी और उत्तर आकृति (C) प्राप्त होगी।

25. (A) सही दर्पण छवि विकल्प (A) है।

सामान्य ज्ञान

26. (A) हड़प्पा स्थल कालीबंगा राजस्थान में स्थित है। कालीबंगा एक छोटा नगर था। यहाँ एक दुर्ग मिला है। यहाँ विश्व का सर्वप्रथम जोता हुआ खेत मिला है।

27. (C) महारानी रजिया सुल्तान अपने विद्रोही सेनापति मलिक इख्तियार–उद–दीन अल्तुनिया से पराजित होने के बाद किला मुबारक में नजरबंद करके रखी गई थीं। किला मुबारक पंजाब में स्थित एक ऐतिहासिक स्थापत्य है। माना जाता है कि दुर्ग का मूल निर्माण कनिष्क और राजा दाब ने किया था।

28. (A) श्रीरंगपट्टम की घेराबंदी (5 अप्रैल – 4 मई, 1799) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और मैसूर साम्राज्य के बीच चौथा आंग्ल–मैसूर युद्ध का अंतिम टकराव था। अंग्रेजों के हैदराबाद के सहयोगी निजाम के साथ अंग्रेजों ने श्रीरंगपट्टम में किले की दीवारों का उल्लंघन करने और गढ़ पर हमला करने के बाद निर्णायक जीत हासिल की।

29. (A) शिक्षा सुधारों के लिए लॉर्ड रिपन द्वारा हंटर आयोग की नियुक्ति 1882 में की गई थी। सरकार ने विलियम विलसन हन्टर की अध्यक्षता में इस आयोग की नियुक्ति की थी।

30. (B) सोनम लोचार पर्व सिक्किम में मनाया जाता है। भारत के असम और सिक्किम राज्यों में ये त्योहार मनाया जाता है। यह पर्व बौद्ध जाति के नव वर्ष के रूप में मनाये जाने वाला त्योहार है।

31. (C) वीणा सुर ध्वनियों के लिए भारतीय संगीत में प्रयुक्त सबसे प्राचीन वाद्ययन्त्र है। कुछ लोगों का मानना है कि मध्यकाल में जनाब अमीर खुसरो दहलवी ने सितार की रचना वीणा और बैंजो (जो इस्लामी सभ्यताओं में लोकप्रिय था) को मिलाकर किया, कुछ इसे गिटार का भी रूप बताते हैं। बैंजो एक प्रकार का तन्तु वाद्य यंत्र है।

32. (B) मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल पचमढ़ी सतपुड़ा पर्वत शृंखला में स्थित है।

मध्य प्रदेश के होशंगाबाद स्थित पचमढ़ी को सतपुड़ा की रानी कहा जाता है। ब्रिटिश काल के दौरान इस स्थल का प्रयोग सैन्य छावनी के रूप मे किया जाता था।

33. (C) बनास, पारवती (पार्वती) और काली सिंध, चंबल नदी की सहायक नदियाँ हैं। यह नदी "जानापाव पर्वत" बाचू पाईट महू से निकलती है। इसकी सहायक नदियाँ शिप्रा, सिन्ध, बनास, पार्वती, काली सिंध और कुनू नदी हैं।

34. (C) हाइड्रोजन ब्रह्मांड में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है। हाइड्रोजन एक रासायनिक तत्व है। यह आवर्त सारणी का सबसे पहला तत्व है जो सबसे हल्की भी है। तारों तथा सूर्य का अधिकांश द्रव्यमान हाइड्रोजन से बना है।

35. (A) वेल्ड, डाउंस, पंपास आदि शब्द घास के मैदानों से संबंधित हैं। यह सभी घास के मैदानों को कहा जाता है।

36. (A) इंटकी राष्ट्रीय उद्यान, जिसे नतांगकी (UVadh) राष्ट्रीय उद्यान के नाम से भी जाना जाता है, नागालैंड राज्य में स्थित है। उद्यान में रहने वाले प्राणियों में दुर्लभ हूलॉक गिब्बन, सुनहरा लंगूर, धनेश, पास सिवेट, ब्लैक स्टॉर्क, बाघ, व्हाइट ब्रेस्टेड किंगफिशर, गोह, अजगर और भालू हैं।

37. (B) संविधान सभा ने 1947 में भारत के लिए एक मसौदा संविधान तैयार करने के लिए डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की अध्यक्षता में मसौदा समिति का गठन किया था।

38. (C) ग्राम पंचायतों का गठन राज्य का नीति निर्देशक सिद्धांत है। संविधान के भाग IV में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्त का उल्लेख है। अनुच्छेद 40 राज्य को यह निर्देश देता है कि वह ग्राम पंचायतों का संगठन करने के लिए कदम उठाएगा।

39. (D) राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए 50 प्रस्तावकों की हस्ताक्षरित सूची की आवश्यकता होती है।

40. (C) प्रधानमंत्री जन–धन योजना भारत में वित्तीय समावेशन पर राष्ट्रीय मिशन है। इस योजना की घोषणा 15 अगस्त, 2014 को की गई, जिसका उद्देश्य देश भर में सभी परिवारों को बैंकिंग सुविधाएँ मुहैया कराना और हर परिवार का बैंक खाता खोलना है, इस योजना के उद्घाटन के दिन ही 1.5 करोड़ बैंक खाते खोले गए।

41. (D) सांगठनिक पदानुक्रम, क्रेडिट की शर्तों के अंतर्गत नहीं आता है। सांगठनिक पदानुक्रम संगठन में एकीकरण और संबद्धता के औजार के रूप में काम करता है।

42. (A) यदि किसी वस्तु को अधिक वेग से पृथ्वी से इस तरह फेंका जाए कि वह पृथ्वी पर वापस न आए तथा गुरुत्वीय क्षेत्र से बाहर निकल जाए, तो यह वेग पलायन वेग कहलाता है।

43. (D) स्टीम आयरन ऊष्मागतिकी के सिद्धान्त पर कार्य करती है। 19वीं शताब्दी के मध्य में ऊष्मागतिकी के दो सिद्धान्तों को प्रतिपादन किया गया था, जिन्हें ऊष्मागतिकी के प्रथम एवं द्वितीय सिद्धांत कहते हैं।

44. (B) बिच्छू के डंक में मेथानोइक अम्ल पाया जाता है। बिच्छू संधिपाद संघ का सांस लेने वाला अष्टपाद है।

45. (A) पेनिसिलियम एक कवक है। पेनिसिलियम एक प्रकार की कवक श्रेणी की मृतजीवी वनस्पति है। इसे नीली या हरी फफूँद भी कहा जाता है।

46. (C) पादप कोशिका में लवक, क्लोरोप्लास्ट कहलाते हैं। लवक पादप कोशिकाओं के कोशिका द्रव में पाई जाने वाली गोल या अंडाकार रचना है; इनमें पादपों के लिए महत्वपूर्ण रसायनों का निर्माण होता है।

47. (B) मेल मर्ज सुविधा आपको एक ही जानकारी के साथ कई अलग–अलग लोगों को लिखने की अनुमति देती है जिसे प्रत्येक व्यक्ति के लिए संशोधित किया जा सकता है। मेल मर्ज में दो दस्तावेज बनाना शामिल है। एक मुख्य दस्तावेज (मेल मर्ज फाइल) और एक डेटा स्रोत।

48. (C) हेलिओडोरस स्तंभ भारत के मध्य प्रदेश में स्थित है।

इसका निर्माण 110 ईसा पूर्व हेलिओडोरस ने कराया था जो शुंग राजा भागभद्र के दरबार में दूत थे।

49. (C) भारत में राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित किया गया है। 2014 से हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।

50. (A) ए हैंडफुल ऑफ नट्स नामक पुस्तक रस्किन बॉन्ड द्वारा लिखी गई है।

रस्किन बॉन्ड ब्रिटिश मूल के एक भारतीय लेखक हैं। उन्हें 1999 में पद्मश्री और 2014 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था।

गणित

51. (C) यहाँ,

$$abc = 100a + 10b + c$$
$$bca = 100b + 10c + a$$
$$cab = 100c + 10a + b$$

$\therefore\ abc + bca + cab$
$$= (100a + 10b + c) + (100b + 10c + a) + (100c + 10a + b)$$
$$= 111a + 111b + 111c$$
$$= 111\,(a + b + c)$$

इसलिए $(a + b + c)$, 37 और 3 111 $(a + b + c)$ से विभाज्य हो सकते हैं।

लेकिन, 31 इनको विभाजित नहीं करता है।

52. (A) हम जानते हैं कि 3 की कोई भी घात सरल करने पर एक विषम संख्या होती है, अर्थात् $3^1 = 3, 3^2 = 9, 3^3 = 27, 3^4 = 81, ...$

$\therefore\quad 3^{3^{333}} + 1$ = विषम संख्या + 1

= सम संख्या

$3^{3^{334}} + 1$ = विषम संख्या + 1

= सम संख्या

और सम संख्याओं का योगफल भी एक सम संख्या होती है। अतः दो संख्याओं का म. स. प. = 2

($\because$ प्रत्येक सम संख्या कम–से–कम 2 से अवश्य विभाज्य होती है।)

53. (B)

$$= 423 \div \left[270 \div \frac{3}{7} \times 35 + \left(17 \div \frac{1}{3}\right) - \left(8\frac{1}{2} - \frac{5}{2}\right)\right]$$

$$= 423 \div \left[\overset{40}{\cancel{270}} \times \frac{\cancel{7}}{\cancel{3}} \times 35 + (17 \times 3) - \left(\frac{17}{2} - \frac{5}{2}\right)\right]$$

$$= 423 \div [90 \times 7 \times 35 + 51 - 6]$$

$$= \frac{423}{22095} = \frac{47}{2455}$$

54. (D) प्रथम 8 अभाज्य संख्याओं का औसत

$$= \frac{2+3+5+7+11+13+17+19}{8}$$

$$= \frac{77}{8}$$

प्रथम 10 सम संख्याओं का औसत

$$= \frac{2+4+6+8+10+12+14+16+18+20}{10}$$

$$= \frac{110}{11} = 11$$

अभीष्ट अनुपात $= \dfrac{\frac{77}{8}}{11} = \dfrac{7}{8}$

55. (D) माना आय ₹y है,

तब,

व्यय $= \dfrac{85}{100}y = \dfrac{17}{20}y$

बचत $= y - \dfrac{85}{100}y = \dfrac{15}{100}y = \dfrac{3}{20}y$

नया व्यय $= \dfrac{17y}{20} + \dfrac{x}{100} \times \dfrac{17y}{20}$

$= \dfrac{17y}{20} + \dfrac{17xy}{2000}$

नई बचत $= \dfrac{3}{20}y - \dfrac{60}{100} \times \dfrac{3}{20}y$

$= \dfrac{3}{20}y + \dfrac{9}{100}y$

$= \left(\dfrac{15+9}{100}\right)y = \dfrac{24}{100}y$

$= \dfrac{6}{25}y$

नई आय $= y + \dfrac{26}{100}y = \dfrac{120}{100}y$

$= \dfrac{63}{50}y$

$\therefore\quad \dfrac{63}{50}y = \dfrac{6y}{25} + \dfrac{17y}{20} + \dfrac{17xy}{2000}$

$\Rightarrow\quad \dfrac{63}{50} = \dfrac{6}{25} + \dfrac{17}{20} + \dfrac{17x}{2000}$

$\Rightarrow\quad \dfrac{17x}{2000} = \dfrac{63}{50} - \dfrac{6}{25} - \dfrac{17}{20}$

$\Rightarrow\quad \dfrac{17x}{2000} = \dfrac{126-24-85}{100}$

$\Rightarrow\quad x = \dfrac{17 \times 2000}{100 \times 7} = 20$

56. (D) वस्तु का विक्रय मूल्य $= \dfrac{4}{5}$ का अंकित मूल्य

हानि $= 3\dfrac{1}{3}\%$

यदि, क्रय मूल्य $= x$,

हानि% $= \dfrac{10}{300} = \dfrac{1}{30}$

तब, विक्रय मूल्य $= x - \dfrac{1}{30}x = \dfrac{29}{30}x$

लेकिन, $\dfrac{29}{\cancel{30}_{6}}x$ = अंकित मूल्य का $\dfrac{4}{\cancel{5}}$

अंकित मूल्य $= \dfrac{29x}{24}$

यदि, विक्रय मूल्य = अंकित मूल्य का

$= \dfrac{29}{24}x$

तब, लाभ%

$= \dfrac{\text{वि.मू.} - \text{क्र.मू}}{\text{क्र.मू.}} \times 100$

$= \dfrac{\frac{29x}{24} - x}{x} \times 100$

$= \dfrac{5x}{24x} \times 100$

$= 21\%$

57. (A) मान लीजिए, वस्तु का अंकित मूल्य ₹x है।

व्यापारी A के लिए,

विक्रय मूल्य $= \left(1 - \dfrac{25}{100}\right)x$

$= \dfrac{75}{100}x = \dfrac{15}{20}x = \dfrac{3}{4}x$

व्यापारी B के लिए,

$P = \left(1 - \dfrac{20}{100}\right)\left(1 - \dfrac{5}{100}\right)x$

$= \dfrac{\cancel{4}}{5} \times \dfrac{19}{\cancel{20}_{5}}x = \dfrac{19}{25}x$

प्रश्नानुसार,

A की छूट + 320 = B की छूट

$\Rightarrow\quad \dfrac{3}{4}x + 320 = \dfrac{19}{25}x$

$\Rightarrow\quad \dfrac{3}{4}x - \dfrac{19}{25}x = -320$

$\Rightarrow\quad \left(\dfrac{75-76}{100}\right)x = -320$

$\Rightarrow\quad x =$ ₹ 32000

58. (D) A को सक्रिय साझेदारी का वार्षिक मेहनताना

= 1000 × 12

= ₹ 12,000

वास्तविक लाभ = 34,000 – 12,000

= ₹ 22,000

$A : B = 50,000 : 60,000$

$= 5 : 6$

A का लाभ $= \frac{5}{5+6} \times 22,000$

$= 5 \times 2000$

= ₹ 10,000

A को मिलने वाली कुल धनराशि

$= 10,000 + 12,000$

= ₹ 22,000

59. (D) पुरुष से महिला की कार्यक्षमता का अनुपात 3 : 2 है।

मान लीजिए 1 दिन में 1 व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य $3x$ है, और 1 महिला द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $2x$ है।

18 आदमी द्वारा 14 दिन में किया गया कार्य $= 3x \times 18 \times 14 = 756x$, जो कि कुल कार्य है।

5 आदमी और 6 महिला द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $= 5 \times 3x + 6 \times 2x = 27x$

5 आदमी और 6 महिला द्वारा 4 दिनों में किया गया कार्य $= 27x \times 4 = 108x$

शेष कार्य $= 756x - 108x = 648x$

8 आदमी और 6 महिला द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य $= 8 \times 3x + 6 \times 2x$

$= 36x$

शेष कार्य को पूरा करने में लगा समय

$= \frac{648x}{36x} = 18$ दिन

इसलिए, अभीष्ट समय = 18 + 4 = 22 दिन

60. (C) $SI = \frac{PRT}{100} = \frac{160,000 \times 10 \times 2}{100}$

= ₹ 32,000

$$A = P\left(1 + \frac{R}{100}\right)^n$$

$$= 160,000\left(1 + \frac{10}{2 \times 100}\right)^{2 \times 2}$$

= ₹ 1,94,481

चक्रवृद्धि ब्याज

= ₹ 1,94,481 – 1,60,000

= ₹ 34,481

अर्जित धनराशि

= CI – SI = ₹ 2,481

61. (C) माना धारा की दिशा में नाव की गति $= x$ किमी/घं

तथा धारा के विपरीत नाव की गति $= y$ किमी/घं

प्रश्नानुसार,

$$\frac{7.2}{x} + \frac{3.2}{y} = 2 \quad ...(i)$$

$$\frac{1.5}{x} + \frac{0.6}{y} = \frac{24}{60} \quad ...(ii)$$

माना $\frac{1}{x} = u$ तथा $\frac{1}{y} = v$

$\Rightarrow 7.2u + 3.2v = 2$

$\Rightarrow 72u + 32v = 20$

$18u + 8v = 5 \quad ...(iii)$

तथा $15u + 6v = 4 \quad ...(iv)$

समीकरण (iii) में 3 का तथा समीकरण (iv) में 4 गुणा करके घटाने पर

$\Rightarrow 54u - 60u + 24v - 24v = 15 - 16$

$\Rightarrow -6u = -1$

$\Rightarrow u = \frac{1}{6}$

$\because \frac{1}{x} = \frac{1}{6}$

$\Rightarrow x = 6$ किमी./घंटा

62. (D) सुमन द्वारा लिया गया समय

T_1 = 3 घंटे 12 मिनट

$= 3\frac{1}{5}$ घंटे

$= \frac{16}{5}$ घंटे

रेखा द्वारा लिया गया समय (T_2)

= 1 घंटा 48 मिनट

$= 1\frac{4}{5}$ घंटे

$= \frac{9}{5}$ घंटे

प्रश्न के अनुसार,

$$\frac{S_1}{S_2} = \sqrt{\frac{T_2}{T_1}}$$

$$\frac{S_1}{9} = \sqrt{\frac{9/5}{16/5}}$$

$$\frac{S_1}{9} = \frac{3}{4}$$

$$S_1 = \frac{27}{4}$$

$$S_1 = 6\frac{3}{4}$$

63. (A) विभाग A में कर्मचारियों की संख्या A, x

$= \frac{64.2}{360°} \times 9000$

$= 1,605$

विभाग C और E में कुल कर्मचारी, y

$= \frac{93 + 72}{360°} \times 9000$

$= 4,125$

तब, $y - 2x = 4,125 - 2 \times 1605$

$= 4,125 - 3,210$

$= 915$

64. (B) अभीष्ट अनुपात $= \frac{325 + 275 + 150}{300 + 275 + 250}$

$= \frac{750}{825}$

$= \frac{150}{165} = \frac{10}{11}$

अतः अभीष्ट अनुपात = 10 : 11

65. (C) माना, आयत की भुजाएँ a और b हैं।

आयत का परिमाप

= 50 इकाई

$\Rightarrow 2(a+b) = 50$

$\Rightarrow a+b = 25 \quad ...(i)$

आयत का क्षेत्रफल

= 150 वर्ग इकाई

$\Rightarrow ab = 150$

$a = \frac{150}{b} \quad ...(ii)$

समी. (ii) से a का मान समी. (i) में रखने पर,

$\Rightarrow \frac{150}{b} + b = 25$

$\Rightarrow 150 + b^2 = 25b$

$\Rightarrow b^2 - 25b + 150 = 0$

$\Rightarrow b^2 - 15b - 10b + 150 = 0$

$\Rightarrow b(b-15) - 10(b-15) = 0$

$\Rightarrow (b-15)(b-10) = 0$

$b = 15, 10$

समी. (ii) से,

जब $b = 15$

तो $a = \frac{150}{15}$

$= 10$

जब $b = 10$

तो $a = \frac{150}{10}$

$= 15$

$\therefore$ आयत की भुजाएँ 10 और 15 हैं।

छोटी भुजा = 10

अतः विकल्प (C) सही है।

66. (A) आंतरिक त्रिज्या = 2 सेमी

बाहरी त्रिज्या = 3 सेमी

खोखले गोले की बाहरी त्रिज्या R है और आंतरिक त्रिज्या।

$$r = \frac{4}{3}\pi(R^3 - r^3)$$

$$= \frac{4}{3}\pi(3^3 - 2^3)$$

$$= \frac{76\pi}{3}$$

67. (B) माना, आयताकार टब में पानी की ऊँचाई = h सेमी

आयताकार बर्तन में पानी का आयतन = बेलनाकार बर्तन में पानी का आयतन

$$75 \times 44 \times h = \frac{22}{7} \times 30 \times 30 \times 42$$

$$h = \frac{22}{7} \times \frac{30 \times 30 \times 42}{75 \times 44}$$

$= 36$ सेमी

68. (C) यहाँ, $x \;\; \frac{-1}{x} = 5$

$$x^3 \;\; \frac{-1}{x^3} = \left(x - \frac{1}{x}\right)\left(x^2 + \frac{1}{x^2} + 1\right)$$

$$x^3 - \frac{1}{x^3} = 5\left[\left(x - \frac{1}{x}\right)^2 + 3\right]$$

$$x^3 - \frac{1}{x^3} = (5)\,[5^2 + 3]$$

$= 5(25 + 3) = 5 \times 28$

$= 140$ ...(i)

यहाँ, $\frac{x^6 - 5x^3 - 1}{x^6 + 7x^3 - 1} = \frac{x^3 - 5 - \frac{1}{x^3}}{x^3 + 7\frac{-1}{x^3}}$

$$= \frac{\left(x^3 - \frac{1}{x}\right) - 5}{\left(x^3 - \frac{1}{x^3}\right) + 7} = \frac{140 - 5}{140 + 7}$$

[(i) के प्रयोग में]

$$= \frac{135}{147} = \frac{45}{49}$$

69. (A) दिया है, $2x^2 - 8x - 1 = 0$

दोनों पक्षों को x से विभाजित करने पर,

$$2x - 8 - \frac{1}{x} = 0$$

or $\left(2x \frac{-1}{x}\right) = 8$ ...(i)

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$$4x^2 \frac{+1}{x^2} - 2 \times 2\,x \times \frac{1}{x} = 64$$

$\Rightarrow \quad 4x^2 \frac{+1}{x^2} = 68$ ...(ii)

तब, $8x^3 - \frac{1}{x^3} = (2x)^3 - \left(\frac{1}{x}\right)^3$

$$= \left(2x \frac{-1}{x}\right)\left(4x^2 + \frac{1}{x^2} + \times 2\pi \frac{+1}{x}\right)$$

$= 8\,(68 + 2)$

((i) & (ii) का प्रयोग करने पर)

$= 8 \times 70 = 560$

70. (B) ΔPNQ में,

$PN^2 = PQ^2 + QN^2$ ...(i)

ΔMQR में,

$MR^2 = MQ^2 + QR^2$ ...(ii)

ΔMQN में,

$MN^2 = MQ^2 + QN^2$ ...(iii)



(i) और (ii) को जोड़ने पर,

$PN^2 + MR^2 = PQ^2 + QN^2 + MQ^2 + QR^2$

$\Rightarrow \quad 9^2 + 7^2 = PQ^2 + MN^2 + QR^2$

((iii) का प्रयोग करने पर)

$\Rightarrow 81 + 49 - 9 = PQ^2 + QR^2$

$\Rightarrow PQ^2 + QR^2 = 121$

लेकिन, ΔPQR में,

$PQ^2 + QR^2 = PR^2$

$\therefore \quad PR^2 = 121$

$PR = 11$ सेमी.

71. (C) $\Delta ABC \sim \Delta RPQ$

समरूप त्रिभुजों के गुणधर्म द्वारा,

$$\frac{ar\,(\Delta ABC)}{ar\,(\Delta PQR)}$$

$$= \frac{AB^2}{RP^2} = \frac{BC^2}{PQ^2} = \frac{AP^2}{RQ^2}$$

$$\frac{16}{25} = \frac{AB^2}{72} = \frac{BC^2}{4^2} = \frac{AC^2}{6^2}$$

$$\Rightarrow AC = \sqrt{\frac{16 \times 6 \times 6}{25}} = \frac{4 \times 6}{5}$$

$= \frac{24}{5} = 4.8$ सेमी

72. (D) $\angle BAC = \frac{1}{2}\angle BOC$ (प्रमेय द्वारा)



$$\angle BAC = \frac{1}{2} \times 84° = 42°$$

ΔABD में

$\angle BAD + \angle ABD + \angle BDA = 180°$

$42° + \angle ABD + 40° = 180°$

$\angle ABD = 98°$

73. (A)



ΔADE में,

$\angle ADE + \angle AED + \angle DAE = 180°$

$\angle A = 180° - (80° + 50°)$

$= 50°$

$\therefore \quad \angle DCB = 180° - 50° = 130°$

(चूँकि ABCD एक चक्रीय चतुर्भुज है।)

ΔCDF में,

$\angle CDA = \angle DCF + \angle DFC$

(बाह्य कोण प्रमेय द्वारा)

$80° = (180° - 130°) + \angle DFC$

$\Rightarrow \quad \angle DFC = 80° - 180° + 130°$

$= 30°$

$\therefore \quad \angle AFB = \angle DFC = 30°$

74. (B) $\frac{\operatorname{cosec}\theta}{\operatorname{cosec}\theta - 1} + \frac{\operatorname{cosec}\theta}{\operatorname{cosec}\theta + 1} - \tan^2\theta$

$$= \frac{\operatorname{cosec}\theta}{\operatorname{cosec}\theta - 1} \times \frac{(\operatorname{cosec}\theta + 1)}{(\operatorname{cosec}\theta + 1)}$$

$$+ \frac{\operatorname{cosec}\theta}{\operatorname{cosec}\theta + 1} \times \frac{(\operatorname{cosec}\theta - 1)}{(\operatorname{cosec}\theta - 1)} - \tan^2\theta$$

$$= \frac{\operatorname{cosec}^2\theta + \operatorname{cosec}\theta}{\operatorname{cosec}^2\theta - 1} + \frac{\operatorname{cosec}^2\theta - \operatorname{cosec}\theta}{\operatorname{cosec}^2\theta - 1} - \tan^2\theta$$

$$= \frac{2\operatorname{cosec}^2\theta}{\cot^2\theta} - \tan^2\theta$$

$$= \frac{2\sin^2\theta}{\sin^2\theta \times \cos^2\theta} - \tan^2\theta$$

$= \sec^2\theta + \sec^2\theta - \tan^2\theta$

$= \sec^2\theta + 1 \quad [\because 1 + \tan^2\theta = \sec^2\theta]$

75. (D) यहाँ

$$\frac{\sec^2 60° \cos^2 45° + \operatorname{cosec}^2 30°}{\cot^2 30° \sec^2 45° - \operatorname{cosec}^2 30° \tan 45°}$$

$$= \frac{(2)^2 \times \left(\frac{1}{\sqrt{2}}\right)^2 + (2)^2}{(\sqrt{3})(\sqrt{2})^2 - (2)^2(1)^2}$$

$$= \frac{6}{2\sqrt{3} - 4}$$

$$= \frac{3}{\sqrt{3} - 2} \times \frac{\sqrt{3} + 2}{\sqrt{3} + 2}$$

$$= \frac{3(\sqrt{3} + 2)}{-1} = -3(\sqrt{3} + 2)$$

English

76. (A) so much के अनुसार as for का प्रयोग होगा।

77. (B) Prefer/preferable के साथ than के स्थान पर to का प्रयोग किया जाता है। अतः विकल्प (B) का प्रयोग सही है।

78. (A) शब्द irritible की spelling अशुद्ध है इसकी शुद्ध spelling है irritable है जिसका अर्थ है bad-tempered, (बद दिमाग, चिड़चिड़ा)।

79. (B) crude (अपक्व, अशोधित) का सही antonym है—refined (शुद्ध, संशोधित)
अन्य शब्दों के अर्थ हैं—
coarse—खुरदरा, अशिष्ट।
eager—उत्सुक, जिज्ञासु।
balanced—संतुलित, समीकृत
अतः विकल्प (B) सही है।

80. (A) confidence (विश्वास, भरोसा) का सही antonym है—diffidence (संशय, संकोच)
अन्य शब्दों के अर्थ हैं—
eagerness—उत्सुकता।
steadfastness—दृढ़ता, निष्ठा।
endurance—सहनशक्ति, धैर्य।
अतः विकल्प (A) सही है।

81. (C) भाग (C) में 'have' के स्थान पर 'has' आएगा, क्योंकि subject 'A company of five thousand soldiers' एक singular entity है, न कि noun of multitude।अतः verb भी singular ही होगी। अतः विकल्प (C) सही है।

82. (C) Part (C) में 'their' के स्थान पर 'his' का प्रयोग होगा, क्योंकि Every के साथ possessive pronoun, third person singular आता है। अतः विकल्प (C) सही है।

83. (A) Part (A) में 'reflects' के स्थान पर 'reflect' आएगा, क्योंकि Olympic Games plural है तो verb की plural form ही आएगी। अतः विकल्प (A) सही है।

84. (C) दिया गया वाक्य Present continuous का Active form है। Passive बनाने के लिए Object को subject में और subject को object में परिवर्तित करते है। subject के अनुसार is/Are/Am + being + verb की III form और Object से पहले by का प्रयोग किया जाता है।

85. (D) वाक्य Present perfect का Active voice है। इसका Passive Voice बनाने के लिये sub को Object और Object को subject में परिवर्तित कर has/have + been + verb की III form का प्रयोग कर by को object से पहले लगाते हैं।

86. (B) compliment (प्रशंसा) का सही synonym है—praise (तारीफ)
अन्य शब्दों के अर्थ हैं—
tip—बख्शीश देना।
admonish—सावधान करना, डाँटना।
revile—धिक्कारना, बुरा-भला कहना।
अतः विकल्प (B) सही है।

87. (A) laudable (सराहनीय) का सही synonym है—praiseworthy (प्रशंसा योग्य)
अन्य शब्दों के अर्थ हैं—
laughable—हँसने योग्य।
bold—निडर, दिलेर, स्पष्ट।
loud—ऊँचे स्वर वाला।
अतः विकल्प (A) सही है।

88. (D) दिया गया वाक्य direct form में है इसका indirect form बनाने के लिये said का said ही रहेगा। Iverted comas के स्थान पर that का प्रयोग किया जाता है तथा Sentence Past perfect में परिवर्तित करते हैं।

89. (B) सही क्रम है—QSPR।
वाक्य Conjunction 'but' और Preposition 'with' से शुरू नहीं हो सकता इसलिए भाग 'Q' से शुरू होगा। 'Q' introductory part है जिसके बाद 'S' आएगा। भाग 'R' अन्त में आएगा।
अतः विकल्प (B) सही है।

90. (D) सही क्रम है—QPSR।
वाक्य भाग 'Q' से शुरू होगा, क्योंकि यही एक अर्थपूर्ण introductory part है। 'P', Q के बाद आएगा जिसके बाद 'S' आएगा, क्योंकि उन वर्षों की बात हुई जो landmark reforms के बाद आए हैं और landmark reforms liberalization के बाद आए, इसलिए 'R' अन्त में आएगा।
अतः विकल्प (D) सही है।

91. (B) दिया गया phrase - A nature reserve for birds or animals के लिए सही one word है Sanctuary (अभयारण्य)।
oasis : A fertile spot in desert where water is found (मरुस्थल/नखलिस्तान)।
retreat : draw back (पीछे हट जाना)।
asylum : place for refuge (शरण की जगह)।

92. (D) दिया गया phrase A young person tending to commit crime particularly minor crime के लिए one word है delinquent (अपराधी)।
- convict : declare somebody to be guilty (किसी व्यक्ति को अपराधी घोषित करना)।
- derelict : abandoned (छोड़ दिया गया)।
- criminal : one who commits crime (वह जो अपराध करे)।

अतः विकल्प (D) सही है

93. (A) Counting your chickens (idiom) का अर्थ है—भविष्य में होने वाली चीजों को सोचते हुए सफलता की सोचना। अतः विकल्प (A) उचित है।

94. (B) The icing on the cake (idiom) का अर्थ है—सोने पे सुहागा अर्थात् कोई अतिरिक्त चीज जो किसी अच्छी वस्तु को और बेहतर बना दे। अतः विकल्प (B) सही है।

95. (B) रिक्त स्थान में 'polity' (राज्य, व्यवस्थित समाज, राज्य तन्त्र) का प्रयोग सही है।

96. (A) tremendous (Adjective) = आश्चर्यजनक, विस्मयकारी, विशाल (very great; huge; remarkable).

97. (B) unprecedented (Adjective) = अप्रत्याशित (that has never happened, been done or been known before).

98. (C) bleak (Adjective) = कमजोर, क्षीण (not encouraging or giving any reason to have hope).

99. (D) True (Adjective) = सच (actual, correct, right).

100. (A) prone (Adjective) = प्रभावित होने की संभावना होना (likely to suffer from something or to do something bad; liable), lying with the face downwards (अधोमुख)

❑❑

TEST ANALYSIS REPORT			
(A)	Total correct questions	⇒	☐ × 2 = ☐ marks
(B)	Total incorrect questions	⇒	☐ × 0.25 × 2 = ☐ marks
(C)	Total unsolved questions	⇒	☐ questions
(D)	Total marks (A–B)	⇒	☐ /200 marks

Result (Total marks)	Very Poor (0-80) ☐	Poor (81-120) ☐	Fair (121-160) ☐	Good (161-180) ☐	Excellent (181-200) ☐

QR code को scan करके अपना score बताएँ और Latest Current Affairs की e-book free में पाएँ।